

# टाटा आचार संहिता

## 2015

## नेतृत्व जिससे प्रेरणा मिले....

टाटा समूह 100 से भी अधिक वर्षो से ऐसे दूरदर्शियों द्वारा चलाया जा रहा है जो आज भी हमारे संस्थापक, जमशेद जी टाटा के स्वप्न को सच्चाई से निभा रहे हैं। ऐसी दृष्टि जिसमें समाज की भलाई को व्यापार की वृद्धि के सम्मूल्य रखा गया ऐसी दृष्टि जिसने अपनी अग्रणी सामाजिक पहल से जिम्मेदार व्यापार चलाने के व्यवहार को ही बदल दिया और ऐसी दृष्टि जो समूह में एक मजबूत सामाजिक चेतना को लेकर आई।



हम अन्य लोगों से ''अधिक निःस्वार्थ, अधिक परोपकारी या अधिक उदार होने का दावा नहीं करते किन्तु हमें लगता है कि हमने दृढ़ और स्पष्ट व्यापारिक सिद्धांतों से आरंभ किया जिसमें हमने अपने शेयरधारकों के हित, हमारे अपने हित और हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण का भी ध्यान रखा और यही सब आज हमारी सफलता की नींव है ।

**जमशेद जी टाटा**

टाटा समूह के संस्थापक

अध्यक्ष (1868 – 1904)

# अनुक्रमणिका


## प्राक्कथन

(1) हमारे मूल्य 4
(2) टाटा संहिता के दायरे और उद्देश्य 5
(3) हमारे मूल सिद्धांत 7
(4) हमारे कर्मचारी 9
(5) हमारे ग्राहक 18
(6) हमारा समुदाय एवं पर्यावरण 21
(7) हमारे मूल्य आधारित श्रंखला सहयोगी 23
(8) हमारे वित्तीय हितधारक 25
(9) हमारी सरकारें 27
(10) हमारी समूह कम्पनियाँ 29
(11) किसी मुद्दे का उठाना 30
(12) उत्तरदायित्व 31
(13) पावती पत्र 33

# प्राक्कथन

टाटा कम्पनियों ने 150 से अधिक वर्षों के संस्थापक द्वारा व्यक्त मूल्यों और आदर्शों का लगातार पालन किया है। टाटा आचार संहिता को सबसे पहले रतन टाटा ने औपचारिक रूप दिया था। यह स्पष्ट करता है समूह के मूल्यों और आदर्शों को, और पथ प्रदर्शक करता है हमारी कम्पनियों के संचालन को नियंत्रित करने में, साथ ही साथ व्यवसाय से सम्बंधित सभी मामलों में हमारे सहयोगी को भी मदद करता है। आज कोड एक आधार है जिसपे हमारे अपने व्यक्तिगत साथ ही साथ टाटा प्रमुखों के नेतृत्व प्रतिबद्धताऐं भी आधारित हैं।

टाटा आचार संहिता हमारे प्रत्येक हित धारकों और वो सभी समुदाय जिसमें हम काम करते हैं, के प्रति हमारी वचन बद्धता बताता है, और हमारा मार्गदर्शक करता है उन सभी व्यापार दुविधा में जो हमें नैतिक चौराहे पर छोड़ देती हैं। कानून और विनियम में आए परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए संहिता में समय – समय पर परिर्वतन लाए गये ताकि वो आधुनिक और प्रासंगिक बने रहे। हालांकि यह अपने मूल में स्थायी रहता है।

इस संहिता में व्यक्त मूल मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति हमारे सभी कर्मचारियों, निदेशकों और सहयोगी द्वारा वचन बद्धता और अनुपालन, हमारी कम्पनी की उत्कृष्ट प्रतिष्ठा और सफलता को परिभाषित करती है। मेरा विश्वास है कि हर टाटा सहयोगी और टाटा कम्पनी ना केवल हमारे दुनिया भर के व्यापारिक हितों को नियंत्रित करने वाले कानूनों और नियमों का पालन करेगा अपितु नैतिक आचरण के नए मानक भी स्थापित करता रहेगा जिससे सुदृढ़ सम्मान उत्पन्न होगा और दूसरों को भी अनुसरण करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।



एन. चन्द्र शेखरन
(21 फरवरी 2017)

# हमारे मूल्य

**टाटा हमेशा मूल्यों द्वारा संचालित रहे हैं**
**पाँच बुनियादी मूल्य जो हमारे व्यापार की गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं ।**



## एकता

अपने समूह के सहयोगियों के साथ, अपने ग्राहकों के साथ, अपने सभी भागीदारों के साथ जो दुनिया भर में हैं उन सभी के साथ एक जुट होकर काम करना चाहिए इससे रिश्ते मजबूत होंगे जो सहिष्णुता, समझ और आपसी सहयोग के आधार पर होंगे ।

## सत्यनिष्ठा

हमें अपना व्यापार न्यायपूर्ण, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करना चाहिए । हम जो भी कार्य करते हैं उसे सार्वजनिक समीक्षा में खरा (सत्य) उतरना चाहिए ।

## उत्तरादायित्व

हमें उन सभी देशों, समुदायों और परिवेशों में जहाँ हम काम करते हैं उनके लिए जिम्मेदार और संवेदनशील होने का प्रयास करना चाहिए और ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जितना लोगों से आता है उससे कहीं अधिक लोगों के पास वापस जाना चाहिए ।

## अग्रणी

हम साहसी एवं कुशल बनेंगे, साहस से चुनौतियों को स्वीकार करेंगे, गहरी ग्राहक अंतर्दृष्टि का उपयोग करते हुए अभिनव समाधान विकसित करेंगे ।

## उत्कृष्टता

हमें अपने प्रतिदिन के कार्यों में, हमारे द्वारा प्रदान की गई वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता में उच्चतम संभव स्तर को प्राप्त करने का निरन्तर संघष करते रहचा चाहिए ।

ये सार्वभौमिक मूल्य हमारे आचार संहिता (टाटा कोड ऑफ कन्डक्ट) की नीवं है ।
ये सभी टाटा कम्पनी के मूल्य में अभिव्यक्त हैं

## (ब) टाटा (संहिता) कोड के दायरे और उद्देश्य

1. यह कोड दिखाता है कि हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए :–

   * हमारे कर्मचारियों, या जो लोग हमारे साथ काम करते हैं।

   * हमारे ग्राहकों के साथ।

   * हमारा समुदाय और पर्यावरण जिसमें हम काम करते हैं।

   * हमारे मूल्य श्रंखला सहयोगी, आपूर्तिकर्ता, सेवा प्रदाता, वितरक, बिक्री प्रतिनिधि, ठेकेदार, चैनल भागीदार, सलाहकार, विचौलिये, ऐजेंट सहित।

   * हमारे संयुक्त उद्यम भागीदार और अन्य व्यापार के एसोसिएटस

   * हमारे वित्तीय हितधारक।

   * उन देशों की सरकारें जहाँ हम कार्य करते हैं।

   * हमारे समूहों की कंपनियाँ।

2 इस कोड में ''हम और हमें'' का अर्थ है (जिस संदर्भ में हमारे कार्यकारी निदेशक, कर्मचारी और वो सभी लोग जो हमारे साथ काम करते हैं)

3. समूह कंपनियों का अर्थ है वो कम्पनियाँ जिन पर टाटा सन्स इस कोड को लागू करने का इरादा रखता है या फिर यह कोड जारी कर चुका है।

4. यह कोड हमारी उम्मीदें दर्शाता है उन लोगों से जो हमारे साथ काम करते हैं यह कोड अपेक्षा रखता है उनसे जो हमारे साथ व्यापार करते हैं कि वो भी इस कोड को जान लें कि हम जो भी कार्य करते हैं यह कोड उसे सहारा देते हैं और उन्हें भी हमारे साथ कार्य करने के लिए, कोड के अनुकूल ही कार्य करना होगा।

**स्मरण रखिये.....**

इस कोड के सभी मूल्यों और सिद्धान्तों का पालन करके अपनी प्रतिष्ठा और ब्रांड इक्विटी की रक्षा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। ऐसा करके हम अपनी अद्वितीय संस्कृति और पहचान को मजबूत बनाते हैं।

# हमारे मूल सिद्धांत



टाटा प्रबंधनों के दर्शन हमेशा से और आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हैं कि हमारी उद्यम कंपनियाँ न सिर्फ अपने अधिकारों के हित के लिए काम करें अपितु अपने कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, स्थानीय समुदाय और अपने देश के लिए भी समान रूप से हित में कार्य करें ।

**जे.आर.डी. टाटा**

**अध्यक्ष टाटा समूह**

(1938–1991)

# हमारे मूल सिद्धान्त

1. हम नैतिकता एवं व्यवसायिक नीति के उच्चतम मानदण्डों के अनुरूप अपना व्यापार परिचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम किसी भी रूप में रिश्वत अथवा भ्रष्टाचार सहन नहीं करते हैं। हमें जो भी कार्य करते है, उसमें यह प्रतिबद्धता आन्तरिक रूप से बल प्रदान करती है।

2. हम श्रेष्ठ सामूहिक नागरिकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सामाजिक विकास के उन क्रियाकलापों को जो उन समुदायों को लाभान्वित करते हैं जिनमें हम अपना व्यवसाय परिचालित करते है। अपनी व्यवसायिक योजना का अभिन्न अंग मानते हैं।

3. हम जिन देशों एवं क्षेत्रों में जिनमें हम अपना व्यवसाय परिचालित करते हैं उनके समुदायों की संस्कृति, कार्यशैली एवं विरासत का सम्मान करते हुये उनके आर्थिक विकास में योगदान देने का प्रयास करते हैं।

4. हम अपने व्यवसायिक लाभ की लालसा में सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। हम अपने कर्मचारियों तथा उन सभी लोंगों के लिए जो हमारे साथ काम करते हैं, कार्य हेतु एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

5. अपनी कम्पनी का प्रतिनिधित्व करते समय हम व्यवसायिकता, ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करेंगे तथा नैतिकता एवं व्यवसायिक नीति के उच्चतम मानदण्डों के अनुरूप कार्य करेंगे। हम जिन देशों में अपना व्यवसाय परिचालित करते हैं वहाँ हम सांस्कृतिक दृष्टि के उपयुक्त व्यवहार प्रदर्शित करेंगे। हमारा आचरण श्रेष्ठ एवं पारदर्शक होगा तथा अन्य पक्षों द्वारा श्रेष्ठ एवं पारदर्शक समझा जायेगा।

6. हम अपने सभी हितधारकों के मानवाधिकारों एवं गरिमा का सम्मान करेंगे।

7. हम अपने समस्त हितधारकों के साथ उचित व्यवहार करते हुए तथा किसी भी प्रकार का अनुचित भेदभाव को न करते हुए उनके हितों को संतुलित करने का प्रयास करेंगे।

8. अपने हित धारकों से हमारा कथन सच्चाई पूर्ण श्रेष्ठ भावना से किया जायेगा।

9. हम किसी भी प्रतिबन्धित अथवा गैर कानूनी व्यवसायिक कार्यकलापों में संलग्न नहीं होंगे।

10. हम अपने हित धारकों को नेक नियती से चिन्ता व्यक्त करने अथवा प्रश्न उठाने अथवा हमारी आचार संहिता का स्पष्ट अथवा दृष्टिगोचर उल्लंघन मामलों को सूचित करने का अवसर प्रदान करे का प्रयत्न करेंगे।

11. हम एक ऐसा वातावरण निर्मित करने का प्रयत्न करेंगे जो नेक नियती से प्रकट की गयी चिन्ताओं अथवा सूचित किये गये मामलों से निपटने में सजा के भय से मुक्त हो। किसी को भी नेक नियती से अथवा जनहित में उठायी गयी चिन्ताओं अथवा किसी प्रकार सहस्योंद्घाटनों को सजा नहीं दी जायेगी अथवा इस बात के किसी कठिनायी का सामना नहीं करने दिया जायेगा।

12. हम अपने व्यापार के नेतृत्वकर्ताओं से आशा करते हैं कि वे अपने निजी आचरण द्वारा और अपनी कम्पनी के अर्न्तगत समुचित प्रक्रियाऐं स्थापित करके इस आचार संहिता में समाहित नैतिक मानदण्डों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करेंगे।

13. हम जिन देशो में अपना व्यापार परिचालित करते हैं उन देशों का कानून अथवा अन्य कोई कानून / जो हम पर लागू होता है उसका अनुपालन करेंगे। आचार संहिता के उन प्रावधानों के विषय में जिन पर स्पष्टत: को प्रभावी विधि अथवा सेवा शर्त लागू होती है तो वह विधि और वे सेवा शर्तें प्रभावकारी होंगीं। किसी भी प्रभावी विधि के अर्न्तगत निर्धारित मानदण्ड आचार संहिता में निर्धारित मानदण्डों की तुलना में छोटे पाये जाते हैं तो हम आचार संहिता के मानदण्डों के अनुसार आचरण करेंगे।

**स्मरण रखिये......**

'नेक नियती' से तात्पर्य इस औचित्य पूर्ण विश्वास का होना है कि जो सूचना आपने प्रदान की है वह सत्य है। इसका अर्थ किस संभाव्य उल्लंघन अथवा सूचित मामलों के विषय में 'सारे साक्ष्य' होना नहीं है।

# हमारे कर्मचारी



'एक बार हमें सर्वश्रेष्ठ लोग मिल गये, वे लोग जो हमारे मूल्यों एवं आदर्शों से समानता रखते हैं, हम उन्हें 'अपने अनुसार' कार्य करने की स्वतंत्रता देते हैं । हम उनके काम में कोई बाधा नहीं डालते हैं । हम उन्हें प्रोत्साहित करते हैं तथा अपना नेतृत्व प्रदान करने का अवसर देते हैं ।

**जे.आर.डी. टाटा**

**अध्यक्ष टाटा समूह**

(1938–1991)

# द. हमारे कर्मचारी

## समान अवसर वाला नियोक्ता :-

1. हम अपने समस्त कर्मचारियों एवं समस्त पात्र अभ्यर्थियों को अपनी कम्पनी में सेवा करने के समान अवसर प्रदान करते हैं। हम किसी भी आधार पर जिसमें प्रजाति, जाति, धर्म, रंग, वंश – परम्परा, वैवाहिक स्थिति, लिंग, लैंगिक / यौन स्थिति, आयु, राष्ट्रीयता, जातीय उत्पत्ति, अक्षमता अथवा कोई अन्य श्रेणी जो किसी प्रभावी विधि द्वारा संरक्षित हो, अनुचित भेदभाव नहीं करते हैं।

2. अपने कर्मचारियों की भर्ती / चयन, विकास अथवा प्रोन्नति करते समय हमारे निर्णय केवल कार्य निष्पादन, योग्यता, अभिक्षमता और संभावित अभिक्षमता पर आधारित होंगे।

3. हमारी निष्पक्ष, पारदर्शक एवं सुस्पष्ट कर्मचारी नीतियाँ होंगी जो प्रभावी विधि एवं आचार संहिता के दूसरे प्रावधानों के अनुरूप विविधता एवं समानता को प्रोत्साहित करती हों। यह नीतियाँ सेवा, प्रशिक्षण, विकास एवं कार्य निष्पादन प्रबंध की निष्पक्ष एवं सुस्पष्ट शर्तें निर्धारित करेंगी।

### प्रश्न एवं उत्तर :-

**किसी रोजगार में लम्बी यात्रा की आवश्यकता जुड़ी होती है किसी अभ्यर्थी के पास उत्कृष्ट स्तर का प्रासंगिक अनुभव एवं योग्यता है। परन्तु यह अभ्यर्थी एकाकी माता अथवा पिता है। परिणामस्वरूप, मेरा मानना है यह स्थिति उसके रोजगार की आवश्यकता पर खरा उतरने की उसकी योग्यता को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करेगी। मैं क्या करूँगा ?**

आचार संहिता के अनुसार किसी, कर्मचारी को भर्ती करने का निर्णय उसकी योग्यता पर आधारित होना चाहिए। हम यह अनुमान नहीं कर सकते कि वह अभ्यर्थी अपने कार्य से सम्बन्धित यात्रा की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। सभी पात्र अभ्यर्थियों को अपने कार्य सम्बन्धी यात्रा आवश्यकताअसें को पूरा कर पाने की क्षमता प्रदर्शित करने अथवा प्रमाणित करने का समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। एकाकी माता / पिता हो भर्ती अथवा हमारी कम्पनी में चल रही सेवाओं के किसी भी स्तर पर उसके विपरीत भेदभाव का आधार नहीं हो सकता।

### स्मरण रखिये....

हम किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहन नहीं करते और इसलिए अपने प्रत्येक कर्मचारी से आशा करते हैं कि कार्य स्थल पर ऐसे किसी दुर्व्यवहार को हतोत्साहित करें।

## गरिमा एवं सम्मान

4. हमारे नेतृत्वकर्ता सहिष्णुता, आपसी समझदारी, आपसी सहयोग एवं व्यक्तिगत निजता के सम्ममान पर आधारित कार्य करने में सहायक वातावरण निर्मित करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

5. हमारे काम – काजी वातावरण में प्रत्येक व्यक्ति के साथ गरिमा एवं सम्मान के साथ व्यवहार किया जायेगा। हम किसी भी प्रकार का उत्पीड़न चाहे वह लैंगिक, शारीरिक, शाब्दिक अथवा मानसिक हो सहन नहीं करते।

6. हमारी एक स्पष्ट एवं निष्पक्ष अनुशासनात्मक कार्य प्रणाली है जिसमें आवश्यक रूप से कर्मचारी की बात सुने जाने का अधिकार सम्मिलित है।

7. हम अपने कर्मचारियों की निजता के अधिकार का सम्मान करते हैं हमारा अपने यहाँ के कार्य वातावरण से वाहर उनके किसी भी आचरण से सम्बन्ध नहीं है जब तक उनका ऐस आचरण उनके कार्य निष्पादन को बाधित नहीं करता, हितों का टकराव उत्पन्न नहीं करता अथवा हमारी साख अथवा व्यवसायिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालता है।

## मानवाधिकार

8. हम अपने कार्य क्षेत्रों में बच्चों को सेवा में नियोजित नहीं करते हैं।

9. हम किसी भी रूपय में बाध्य श्रम का प्रयोग नहीं करते। हम अपने कर्मचारियों के व्यक्तिगत प्रमाण पत्र जब्त नहीं करते और नहीं हमारे यहाँ रोजगार प्राप्त करने अथवा हमारे साथ काम करने के लिए हमें अथवा किसी अन्य का कोई धन अदा करने के लिए बाध्य करते हैं।

## घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार

10. हमारे कर्मचारी और वे सभी लोग जो हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं जिनमें हमारे अभिकर्ता एवं माध्यस्थ भी शामिल हैं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से ऐसा किसी प्रकार की गैर कानूनी अथवा अनुचित अथवा तुलनात्मक लाभ न देगें न लेंगे जो हमारे व्यापार कार्य में अनुचित लाभ पाने के इरादे से अथवा इस आशय से हो।

**स्मरण रखिये....**

एक भी कर्मचारी द्वारा रिश्वतखोरी निवारण, भ्रष्टाचार निवारण, प्रतियोगिता – निवारण आंकड़ों की निजता आदि से सम्बन्धित किसी भी विधिकका उल्लंघन का परिणाम आर्थिक दण्ड हो सकता है अथवा कम्पनी की छवि को अपूर्णनीय क्षति पहुँचा सकता है।

## उपहार एवं सत्कार :–

11. व्यापार के सामान्य संचालन में व्यवसाय उपहार एवं सत्कार का कभी – कभी प्रयोग होता है। तथापि यदि उपहार का अथवा सत्कार (मनोरंजन एवं यात्रा सहित) प्राय: होने लगता है अथवा अधिक मूल्य के हैं तो वे वास्तविक हित टकराव अथवा अवैद्य रकम अदायगी का बोध करा सकते हैं। अत: उपहार एवं सत्कार का आदान प्रदान मध्यम मूल्य का होना चाहिए तथा हमारी कम्पनी के उपहार एवं पुरुस्कार नीति के अनुरूप होना चाहिए।

## स्वतंत्रता एवं संघ

12. हम मानते हैं कि कर्मचारी अपने व्यक्तिगत स्तर पर किसी संघ से जुड़ने की रूचि रखते हो स्वयं को नागरिक अथवा सार्वजनिक मामलों में संलग्न करना चाहते हों, परन्तु शर्त है कि ऐसी गतिविधियाँ हमारी कम्पनी के हितों के साथ कोई वास्तविक अथवा संभाव्य टकराव पैदा न करें। हमारे कर्मचारी ऐसी गतिविधयों में सम्मिलित / संलग्न होने से पहले इस आचार संहिता के उपबन्ध हितों का टकराव के अनुसार तथा कम्पनी की ऐसे मामलों में प्रभावकारी नीतियों एवं विधि के अनुरूप पूर्व सूचना दे तथा अनुमोदन लें।

**स्मरण रखिये....**

साधारण नियम के अनुसार हम अपने किसी व्यापार सहयोगी का उपहार अथवा सत्कार स्वीकार कर सकते हैं, यदि ऐसा उपहार :

* सामान्य मूल्य का हो तथा कोई ऐसा बोध न दिलाये (अथवा परोक्ष अनुग्रह) प्रदाता किसी भी प्रकार की वरीयता का व्यवहार पाने का अधिकारी होगा।
* हमारी कम्पनी के सर्वोच्च हित में काम करने की हमारी क्षमता को प्रभावित नहीं करेगा अथवा करता हुआ प्रतीत नहीं होगा।
* यदि सार्वजनिक हो जाये तो हमारी कम्पनी अथवा दाता को शर्मिन्दा नहीं करेगा।

निम्नलिखित उपहार कदापि उपयुक्त नहीं है और कदापि नहीं स्वीकार किये अथवा दिये जाने चाहिए –

* नकद अथवा स्वर्ण अथवा अन्य बहुमूल्य धातुऐं, रत्नों अथवा पत्थरों के उपहार
* प्रभावी विधि के अनुसार निषिद्ध उपहार
* रिश्वत, धन आदयगी, छोटी – मोटी रिश्वत, कोई काम कराने में सहयोग के लिए धन देने जैसी प्रकृति के उपहार
* ऐसे उपहार जो दाता अथवा प्राप्तकर्ता के संगठन द्वारा निषिद्ध किये गये हों तथा सेवाओं अथवा दूसरे गैर – वित्तीय लाभ (जैसे रोजगार का वायदा) के रूप में उपहार।

('सुविधा' शुल्क के भुगतान से तात्पर्य ऐसे भुगतान से है जो साधारण विधिक सरकारी कार्यों को प्राप्त करने अथवा उनमें तेजी लाने के लिए किया जाये जैसे :– अनुज्ञा पत्र निर्गमित करवाना, चुंगी से सामान छुटवाना)

## हमारी नौकरी के बाहर कोई कार्य / व्यवसाय करना :-

13. हमारी कम्पनी के अर्न्तगत प्रदत्त रोजगार के बाहर अर्थ लाभ वाला अथवा बिना अर्थलाभ वाला अपने निजी समय में कोई अन्य नौकरी करना अथवा कोई उत्तरदायित्व पूर्ण पदस्था स्वीकार करना आपके प्रभावशाली ढंग से कार्य करने की क्षमता में बाधा डाल सकता है अथवा हितों में टकराव उत्पन्न कर सकता है ऐसी कोई भी गतिविधि हमारी कम्पनी के किसी उपभोक्ता, आपूर्तिकर्ता, वितरक अथवा प्रतिद्विन्दी के साथ नहीं होनी चाहिए। हमारी कर्मचारियों को ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए इस आचार संहिता की 'हितों का टकराव' उपबन्ध और ऐसे मामलों में प्रभारी कम्पनी की नीतियों तथा विधि के अनुरुप पूर्व सूचना देनी चाहिए तथा अनुमोदन लेना चाहिए

## सूचना एवं मूल्यवान सम्पत्तियों के प्रति निष्ठा :-

14. हमारे कर्मचारी जान बूझकर कोई तथ्य नहीं छिपायेंगे अथवा मिथ्या तथ्य निरूपण नहीं करेंगे जो हमारी कम्पनी की अभिलेखीय निष्ठा, आन्तरिक अथवा बाह्रय सूचनाओं के आदान प्रदान एवं आख्याओं वित्तीय विवरणों से समझौता कर सके।

15. हमारे कर्मचारी एवं निदेशक कम्पनी अथवा हमारे व्यापार से सम्बन्धित कोई सूचना प्रकाशित करने से पहले उचित प्राधिकार प्राप्त करेंगे तथा ऐसे प्रकाशन कम्पनी के सम्प्रेषण माध्यम तथा सूचनाओं के आदान प्रदान सम्बन्धी नीति के अनुरुप होंगे। इन प्रकाशनों में सामाजिक माध्यम सहित किसी भी मंच अथवा माध्यम से सूचनाओं का प्रकाशन सम्मिलित हैं।

16. हमारे कर्मचारी कम्पनी को उपलब्ध करायी जाने वाले व्यक्ति आँकड़ों अथवा सूचना की सत्यता सुनिश्चित करेंगे। हम इस सम्बन्ध में लागू होने वाली कम्पनी की नीतियों अथवा विधि के अनुरूप ऐसे समस्त व्यक्तिगत आँकड़ों अथवा सूचनाओं की गोपनीयता की सुरक्षा करेंगे।

17. हमारे कर्मचारी हमारी कम्पनी की समस्त गोपनीय सूचना तथा बौद्धिक सम्पदा का सम्मान करेंगे तथा उसकी सुरक्षा करेंगे।

18. हमारे कर्मचारी तृतीय पक्ष की बौद्धिक सम्पदा तथा आँकड़ों की गोपनीयता की सुरक्षा करेंगे। हमारे कर्मचारी ऐसी बौद्धिक सम्पदा तथा आँकड़े जो उनके अधिकार में आते हैं उनका कोई दुरूपोग नहीं करेंगे तथा सिवाय तत्सम्बन्धित कम्पनी नीतियों अथवा विधि के अनुसार किसी के साथ साझा नहीं करेंगे।

19. हमारे कर्मचारी हमारी कम्पनी अथवा किसी भी तृतीय पक्ष की किसी भी गोपनीय सूचना अथवा बौद्धिक सम्पदा के खो जाने, चोरी होने अथवा नष्ट होने की तुरन्त सूचना देंगे।

### प्रश्न एवं उत्तर :-

**में अपनी कम्पनी के वित्तीय विभाग में लेखाकार हूँ। मेरी कलात्मक कौशल के कारण, बच्चों की पत्रिका की ओर से मुझे कार्टून / हास्त्र चित्र बनाने का प्रस्ताव दिया गया जिसके लिए मुझे मुआवजा दिया जाता। मेरी सप्ताहांत में यह कार्य करने की योजना है इस प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले मुझे क्या करना चाहिए ?**

इस प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले, अपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्या आपकी कम्पनी की नीतियां तथा नियम आपसे ये यह अपेक्षा करते हैं कि आप अपने निरीक्षक से इसका खुलासा करें ताकि कम्पनी यह निर्णय कर सके कि आपके ऐसी गतिविधि हाथ में लेने से हैं कम्पनी के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं पड़ेगा कम्पनी से यह पुष्टिकरण मिलने पर किस इससे कम्पनी के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा तो आप ऐसी गतिविधि स्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं। आपका यह भी कर्तव्य है कि जिस स्थिति का आपने खुलासा किया है उसमें किसी भी प्रकार का परिर्वतन होने पर इसे कम्पनी के ध्यान में लायें।

20. हमारे कर्मचारी कम्पनी की कम्प्यूटर तथा सूचना उपकरणों सहित मूर्त या अमूर्त सभी मूल्यवान सम्पत्तियों का केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए प्रयोग करेंगे जिसके लिए वे उपलब्ध करायी गयी हैं तथा कम्पनी का कारोबार चलाने के लिए उनका प्रयोग करेंगे। ऐसी सम्पत्तियों का दुरूपयोग नहीं किया जायेगा हम ऐसी प्रक्रियाऐं स्थापित करेंगे जिससे हमारी सम्पत्तियों के साथ धेखा धड़ी, गलत उपयोग अथवा दुरूपयोग के खतरे को न्यूनतम किया जा सके।

21. हम सभी प्रभावी काला धन विनियोजन निरीक्षक, धोखा – धड़ी तथा भ्रष्टाचार निरोधक कानूनों का पालन करेंगे तथा ऐसे कानूनों के उल्लंघन के मामलों की जाँच करने तथा रोकने के लिए उचित प्रक्रियाओं की स्थापना करेंगे।

## आन्तरिक व्यापार :–

22. हमारे कर्मचारियों को ऐसे किसी आन्तरिक व्यापार में संलग्न नहीं होना चाहिए। और न ही किसी भी मूल्य संवेदी सूचना जो सार्वजनिक क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आती है उसका लाभ लेने में किसी भी निकस्टस्थ परिवार, मित्र अथवा व्यवसाय साझीदारों सहित किसी का सहयोग नहीं करना चाहिए। ऐसी सूचनाओं में वे सूचनायें सम्मिलित हैं जो हमारी कम्पनी, हमारी समूह कम्पनीयाँ, हमारे ग्राहक तथा आपूर्तिकर्ताओं के विषय में हैं।

### प्रश्न एवं उत्तर :-

**हमारी कम्पनी में हाल में ही एक नया व्यावसायिक कदमउठाने की घोषण की है इस सम्बन्ध में, आपके एक मित्र ने जो एक अग्रणी समाचार पत्र का पत्रकार है, आपसे कुछ सूचना देने के लिए कहा है जिसे वह अपने आगामी लेख में जगह दे सकें उसने आपसे वादा किया है कि वह अपना नाम उद्घृत नहीं करेगा और न ही आपका परिचय प्रकट करेगा। क्या आपको यह सूचना उसे देनी चाहिए ?**

नहीं आपको इस प्रकार की कोई सूचना मीडिया को नहीं देना चाहिए, चाहे भले ही आपको आश्वासन दिया जाये कि सूचना का स्रोत अज्ञात रखा जायेगा। कम्पनी में केवल अधिकृत कर्मचारी को ही मीडिया से सम्वाद करने तथा इस प्रकार की कोई सूचना देने के लिए अनुमति है।

**हमारी कम्पनी में 'सामाजिक मीडिया का प्रयोग' करने की नीति है जो निर्धारित करती है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। चाहे वह प्रयोग निजी समय में ही क्यों न हुआ हो। ऐसी कोई नीति क्यों होती है ?**

बाहरी सम्वाद एक गम्भीर मामला है इसको सावधानी पूर्वक प्रबंधित किया जाना चाहिए क्योंकि हमारी कम्पनी अथवा इसके कारोबार से सम्बन्धित कोई भी सूचना सुस्पष्ट, सत्य तथा दूसरे पक्षों की को दी गई प्रतिज्ञा का उल्लंघन करने वाली नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक कारोबार में प्रबंधक होते हैं जिनको वाहय जगत को विभिन्न प्रकार के वक्तव्य देने के लिए नामित किया जाता है। यदि आपसे कोई सूचना देने के लिए प्रार्थना की जाये अथवा आपके विचार से कोई सूचना दी जानी चाहिए तो इन प्रबंधकों से परामर्श किया जाना चाहिए।

सामाजिक मीडिया का प्रयोग करने में, विशेष रूप से 'ब्लॉग' अथवा 'सामाजिक नेटवर्किंग साइट्स' का प्रयोग में हमारी कम्पनी अथवा इसके कारोबार के विषय में कोई बात करते समय आपको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। आपको ऐसा लग सकता है कि आप अपने मित्रों से बातचीत कर रहे हैं अथवा कोई व्यक्तिगत राय व्यक्ति कर रहे हैं, परन्तु ऐसा करते समय भी आप हमारी कम्पनी के विषय में कोई गोपनीय सूचना नहीं साझा कर सकते।

### स्मरण रखिये....

हमें व्यापार के गुप्त रहस्य जिसमें अनाधिकृत सॉफ्टवेया, व्यापार चिन्ह, कॉपीराइट के अन्तर्गत आने वाली सामग्री अथवा प्रतीक चिन्ह की कभी भी प्रतिलिपि बनाकर अथवा डाउनलोड न करके, दूसरों के सम्पदा अधिकार का सम्मान करना चाहिए हमें कम्प्यूटर के सॉफ्टवेयर प्रोग्रामों की कभी भी अनाधिकृत प्रतिलिपि नहीं बनानी चाहिए अथवा कम्पनी के कम्प्यूटरों पर अपने गैर लाईसैन्सी सॉफ्टवेयर का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## प्रतिबंधित दवाऐं तथा पदार्थ :–

23. अपने कार्यस्थल पर प्रतिबंधित दवाओं एवं पदार्थों का सेवन करने से असली सुरक्षा एवं अन्य जोखिम उठाना पड़ सकता है। कम्पनी कार्य के समय में कम्पनी के समान्य दायित्वों के निर्वाहन में प्रतिबंधित दवाओं या पदार्थों का वितरण एवं सेवन वर्दाश्त न्ह्रहीं किया जायेगा।

## हितों में संघर्ष :–

24. हमारे कर्मचारी एवं कार्यकारी निदेशक हमेशा कंपनी के हित में कार्य करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी व्यापार, व्यक्तिगत संघ और व्यक्तिगत रिश्तों को 'जिनमें घनिष्ठ व्यक्गित संबंध भी शामिल हैं' अपने कार्य एवं दायित्वो में किसी भी प्रकार के हित संघर्षो को कंपनी में व कंपनी के संचालन में बाधा के रूप में उत्पन्न नहीं होने देंगे इसके अतिरिक्त हमारे कर्मचारी एवं कार्यकारी निदेशक ऐसे किसी प्रकार के व्यवसाय, संबंध एवं गतिविधियों में जो कंपनी और समूह की कंपनियों में हितों के संघर्ष में हैं, उसमें शामिल नहीं होंगे।

25. यदि कोई वास्तविक और संभावित हितों का संघर्ष उत्पन्न होता है तो सम्बंधित व्यक्ति को तुरंत इस हितों के संघर्ष के विषय में कंपनी की नीति और लागू नियम के अनुसार अनुमोदन लेना चाहिए। सक्षम अधिकारी निश्चित समय सीमा के भीतर कंपनी की नीति के अनुसार कर्मचारी को अवगत करायेगा ताकि हितों के संघर्ष की घटना को त्वरित रूप से हल करने और उससे बचने का मार्ग प्रशस्त हो।

26. अन्य कर्मचारियो के अतिरिक्त मामले में कार्यकारी निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबंध निदेशक सक्षम अधिकारी होगा जो कि इस प्रकार की समस्याओं को निदेशक मंडल को प्रत्येक तिमाही सूचित करेगा। इस स्थिति में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबंध निदेशक, कार्यकारी निदेशक और निदेशकों का मंडल हमारी कंपनी के सक्षम अधिकारी होंगे।

### प्रश्न एवं उत्तर :-

**आप अपनी कम्पनी के ग्राहकों का डाटाबेस बनाये रखने के लिए जिम्मेदार हैं आपके मित्रों में से एक व्यावसायिक उद्यम शुरू करता है और अपने व्यवसाय को बाजार में फैलाने के लिए आपसे उस डाटाबेस का कुछ विवरण साझा करने का अनुरोध करता है और वह आपको आशान्वित करता है कि यह डाटा और इसके उपलब्ध होने का स्त्रोत गुप्त रखेगा। क्या आप को ऐसा करना चाहिए ?**

नहीं। आपको ग्राहक जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करना चाहिए और डाटाबेस का कोई भी हिस्सा किसी भी व्यक्ति को बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना उपलब्ध नहीं कराना चाहिए।

**आपके पास अपनी कंपनी के विभिन्न ईकाईयों के राजस्व संख्याओं की जानकारी है किसी शाम को आपके मित्र के साथ कोई परिचर्चा होती है और आपका मित्र आपसे कंपनी के आर्थिक प्रदर्शन की जानकारी लेता है आप अपने मित्र से उसके विषय में विस्तृत चर्चा नहीं करते लेकिन आप उसे लगभग राजस्व संख्या का आंकड़ा देते हैं क्या आपका यह आचरण उचित है ?**

नहीं। ये उचित नहीं है आप अपनी कंपनी के आर्थिक सूचनाओं को दूसरे से बांटने के अधिकारी नहीं है जिनको कि इन सूचनाओं को जानने की कोई आवश्यकता नहीं है। वित्तीय सूचनाओं की रक्षा सदैव करनी चाहिए और इनका प्रकटीकरण (जानने के आधार) की आवश्यकता पर अनुमति लेने के पश्चात ही किया जाना चाहिए। मूल्य संबंधित संवेदनशील सूचना जो कि सामान्यत: आम लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होती है, को साझा करना इनसाइडर ट्रैडिंग नियम का उल्लंघन है।

27. ऐसे किसी अन्य उदाहरणों के बाबजूद कोई ऐसा मतभेद जो किसी ऐतिहासिक कारणों से अस्तित्व में आया हो, इच्छुक कमचारियों द्वारा पूर्ण एवं पर्याप्त रूप से कंपनी के प्रबंध तंत्र के सामने कर्मचारियों द्वारा प्रकट किया जायेगा हमारी कंपनी में नियुक्ति होते समय हमारे कर्मचारियों और कार्य निदेशक मंडल को **(Competent Authority)** के समक्ष पूर्ण रूप से उन सभी व्यक्तियों या उसके तत्काल परिवार (माता–पिता, भाई–बहन, पति साथी बच्चों सहित) या व्यक्तियों जिनके साथ उनका व्यक्तिगत संबंध है और जो हमारे अन्य व्यवसायों के साथ हमारी कम्पनी के व्यापार विपक्षी आपूर्ति, ग्राहक या वितरक हैं उनका प्रकटीकरण करना होगा।

**स्मरण रखिये....**

वो सभी ज्ञात गतिविधयाँ, आदान – प्रदान, सम्बन्ध या सेवाऐं जिसे स्वयं कर्मचारी या उसके / उसकी प्रत्यक्ष कुटुम्बी (जिसमें शामिल हैं माता – पिता, सहोदर, पति / पत्नी, बच्चे) संबंधी या घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंधी जिसमें कि उस कमचारी की दिलचस्पी है उसने उसका प्रयोग किया हो जिससे कि वह कम्पनी के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा दिखाने में सक्षम नहीं हो पा रहा है वो सभी गतिविधयाँ हितों का संघर्ष हैं।

**संभावित हितों के संघर्ष का उदाहरण :-**

हितों का संघर्ष वास्तविक या संभावित तब उत्पन्न होता है जहाँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष एक कर्मचारी या कार्यकारी निदेशक :–

(क) किसी ऐसे व्यवसाय में संलग्न है, कोई ऐसी गतिविधि या संबंध में है उस व्यक्ति के साथ जिसका कि हमारी कंपनी से कोई लेन – देन है।

(ख) व्यक्तिगत रूप से किसी परिवार या सदस्य के लिए कोई अनुचित लाभ प्राप्त कराने की स्थिति में व्यक्तिगत रूप से किसी संबंधित को प्रभावित करके अपने निजी सम्बन्धी लेन – देन में फायदा करा लेता है।

(ग) हमारी कंपनी के नाम से ऐसा व्यवसाय करता है और वह प्रभाव की ऐसी स्थिति में है, जिससे कंपनी के व्यवसाय के निर्णयों को किसी एक आपूर्तिकर्ता या ग्राहक जो कि एक संबंधी और एक घनिष्ठ पारिवारिक व्यक्ति हैं एक कर्मचारी या कार्यकारी निदेशक या प्रतिनिधि, किसी व्यक्तिगत लाभ या संबंधित को एक लाभ में जिसके परिणामस्वरूप वह कंपनी के निर्णयों को बाधित करता है।

(घ) इस स्थिति में है कि उसके प्रभाव फैसले प्रभावित हों और उनके किसी को उपहार का लाभ प्राप्त हो, जैसे कि वेतन में वृद्धि या अन्य पारिश्रमिक, नियुक्ति, पदोन्नति या किसी सम्बन्धी याघनिष्ठ पारिवारिक सम्बन्धी को कंपनी के समूह की अन्य कंपनी में नियुक्ति दिलाना।

(ङ) एक गतिविधि जिसके द्वारा हमारी कंपनी या समूह की कंपनीयों के हितों में समझौता या हरा दिया जाये।

(च) या कोई ऐसी गतिविधि जिससे कंपनी या समूह की कंपनियों के स्वतंत्र निर्णय को जो कि हित में है उनको क्रियान्वित होने में बाधा उत्पन्न करे।

28. यदि प्रबंध तंत्र के सामने कर्मचारी, हितों के संघर्ष के विषय में प्रकटीकरण करने में असफल हो जाता है और प्रबंध तंत्र को इस विषय में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो उस कर्मचारी, कार्यकारी निदेशक पर प्रबंध तंत्र गंभीर कदम उठायेंगे। उस कर्मचारी के रोजगार के संबंध में कार्यवाही करेंगे। हम निस्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रियाओं का सम्मान करते हैं जिसमें कर्मचारी की भावना का भी ख्याल रखा जाता है।

**प्रकटीकरण के पश्चात कम्पनी पॉलिसी के अनुसार अनुमोदित गतिविधयों का उदाहरण :-**

निम्नलिखित मामलों में आमतौर पर कठिन परिस्थितियों में जिम्मेदारी की स्थिति में स्वीकृति (चाहे पारिश्रमिक के लिए या अन्य) प्रदान की जानी चाहिए जिससे कि हमारी कंपनी के कर्मचारी कर्तव्य और जिम्मेदारी से न तो भटकें और न ही परेशान हों और कर्मचारी सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रकटीकरण के लिए तुरंत उपलब्ध हों।

(क) कोई हमारे समूह की कंपनी, उद्यम या सहयोगी कंपनी के बोर्डों पर निदेशक।

(ख) सदस्यता शैक्षिक व्यवसायिक निकायों के जिम्मेदारी की स्थिति जहाँ ऐसे संघ जो हमारी कंपनी के हितों को बढ़ावा दें।

(ग) सदस्यता सयरकारी समीतियाँ / निकायों या संगठनों में भागीदारी।

**प्रश्न एवं उत्तर :-**

**आप एक सहयोगी जिसके साथ आप रिश्ते में जुड़ हैं उसे आपकी टीम में लाया गया है, और वह अब आपको रिपोर्ट करेगा। इस स्थिति में आप क्या करेंगे ?**

आपके सौहार्द में और घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध किसी अन्य कर्मचारी के साथ जहाँ पर आपको उसके विषय में सूचनाओं की जानकरी देनी है और एक दूसरे के प्रदर्शन के मूल्यांकन की जिम्मेदारी है, इसमें हितों के लाभ का टकराव भी हो सकता है। इस स्थिति में आपको संभावित संघर्ष, अपने पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करने के लिए आवश्यकता होगी।

**हमारी कंपनी एक ऐसी कम्पनी को प्रस्ताव दे रही है, जो कि आपकी पूर्व नियोक्ता कंपनी है। आपको अपनी पिछली नियुक्त कम्पनी के बारे में कुछ गोपनीय जानकारी है जो आपकी वर्तमान नियुक्त कम्पनी को अनुबंध जीतने में मदद करेगी। यह सोचकर आपको जानकारी साझा करनी चाहिए ?**

नहीं। चूंकि यह गोपनीय जानकारी है आपको यह जानकारी अपनी कंपनी से साझा नहीं करनी चाहिए। आपकी कंपनी अपने कर्मचारीयों के द्वारा उनके पिछले नियोक्ताओं से संबंधित गोपनीय जानकारी की रक्षा करने की कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान करती है।

**आप अपनी कंपनी के प्रांगण विभाग में क्रय प्रबंधक हैं। आप अपने आपूर्तिकर्ता से उसके खेल स्पर्धा में भाग लेने के लिए एक आमंत्रण प्राप्त करते हैं। ये उन आपूर्तिकर्ताओं में से एक है जिसने खुली निविदा में आपकी कंपनी में आवेदन किया है। क्या आप उसका आमंत्रण स्वीकार**

नहीं। आपको इस संदर्भ में कोई भी आमंत्रण स्वीकार नहीं करना चाहिए, चूँकि आप एक महत्वपूर्ण निर्णय प्रक्रिया की भूमिका में हैं, निविदा के लिए किसी भी असामान्य लाभ को प्राप्त करना एक प्रलोभन के रूप में माना जा सकता है जोकि आपकी निष्पक्षता से समझौता होगा।

## हमारे ग्राहक




हमने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए भी अपनी सम्पन्नता का आंनद लेना जारी रखा है । हमारे संबंध सभी संबंधितों के साथ अनुकूल है । हमने अपने घटकों व ग्राहकों के साथ आगे बढ़कर निपटने के लिए एक ही वर्ग बनाये रखा है । हमारे उत्पादों की उच्च गुणवत्ता सदैव बनी रही है और इसीलिए हमें अच्छी प्रतिष्ठा और सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त हुआ है । मैं इसका उल्लेख निम्न तत्वों के आधार पर करना चाहता हूँ कि ईमानदारी, अग्रणी व्यवसाय, सिद्धान्त, गुप्त एवं सुरक्षित सूचनाऐं और अनुकूल अवसरों व परिस्थितियों का लाभ लेने की योग्यता, हमारी सफलता का यही मंत्र है ।

**जमशेद जी टाटा**

टाटा समूह के संस्थापक

अध्यक्ष (1868 – 1904)

# ई – हमारे ग्राहक

## उत्पाद एवं सवायें :–

1. हम उत्पादों की आपूर्ति और सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं जो विश्व की उच्चस्तरीय आवश्यकताओं और मानकों को पूरा कर सके।

2. हमने जो उत्पाद एवं सेवाऐं प्रस्तुत ही हैं वह अपनी खूबियों सहित लागू कानून, उत्पाद का संवेष्टन, पैकिंग (बांधना) नाम पट्ठी वर्गीकरण (लेवलिंग) और विक्रय पश्चात सेवाओं का अनुपालन करेगा।

3. हम बाजार में अपने उत्पाद एवं सेवाओं को उनकी गुणवत्ता के आधार पर प्रस्तुत करेंगे न कि अपने प्रतिस्पर्धियों के उत्पाद एवं सेवाओं के विषय में अस्पष्ट और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करेंगे।

## निर्यात नियंत्रण एवं व्यापार प्रतिबंध :–

4. हम संबद्ध निर्यात नियंत्रण एवं व्यवसाय प्रतिबन्धों को अपने व्यापार में लागू करेंगे।

## निष्पक्ष प्रतियोगिता :–

5. हम प्रतिस्पर्धा खुले बाजार में विकास एवं संचालन का समर्थन करते हैं और प्रत्येक देश और बाजार में व्यापार के उदारीकरण और निवेश में साथ – साथ काम करते हैं।

6. हम ऐसी किसी भी गतिविधि में प्रवेश नहीं करेंगे जो इस तरह का विरोधी प्रतिस्पर्धा षड़यंत्रकारी व्यवहार जैसे – बाजार में प्रभुत्व का गलत प्रयोग, मिलीभगत, द्वन्द में सहभागिता, प्रतिस्पर्धाओं के साथ सूचनाओं का गलत तरीके से आदान प्रदान हो ।

7. हम व्यापार के सामान्य व्यवहार के अनुसार सूचनाओं को इकट्ठा करेंगे और उनको प्राप्त करने के स्त्रोत और साधन कानूनी रूप से आधिकृत होंगे।

## ग्राहकों के साथ व्यवहार :–

8. हमारे ग्राहकों के साथ हमारा व्यवहार व्यवसायिक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगा।

9. हम अपने ग्राहकों के अधिकार और उनके व्यक्तिगत डाटा के संबंध में गोपनीयता का सम्मान करते हैं कि ग्राहकों के व्यक्तिगत डाटा की रक्षा कंपनी के लागू नियमानुसार करेंगे।

**प्रश्न एवं उत्तर :-**

**आप हमारी कंपनी में क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक हैं आप एक अनौपचारिक समूह में एक सदस्य के रूप में शामिल हो गये हैं जो कि त्वरित सूचनाओं की सेवा प्रदान करता है । उस कंपनी के मुख्य क्षेत्रीय विक्रय अधिकारी हमारी कंपनी के प्रतिस्पर्धी हैं । इस समूह के व्यवस्थापक ने आपसे अनुरोध किया है कि एक अनौपचारिक रूप से बाजार में मूल्य की निर्धारण नीति पर चर्चा और बाजार की स्थितियों पर मंथन किया जाये । आपको क्या करना चाहिए ?**

प्रतिस्पर्धियों के साथ ऐसी कोई भी चर्चा विशेष रूप से 'मूल्य निर्धारण नीति' एक विरोधी प्रतिस्पर्धा प्रथा को बढ़ावा देगी और मूल्यों में हलचल कर देगी आपको अनौपचारिक समूह को जवाव देना चाहिए कि यह निमंत्रण अपने अस्तित्व की सीमा से बाहर निकल रहा है आपको अपने पर्यवेक्षक और कानून विभाग को भी इस विषय में सूचित करना चाहिए ।

**आप अपने सहयोगी के साथ एक ग्राहक संगोष्ठी में उपिस्थत हैं और आपका सहयोगी आपकी कंपनी की सेवाओं के संदर्भ में एक भ्रामक बात कहता है । आपको क्या करना चाहिए ?**

आपको संगोष्ठी के दौरान यदि संभव हो तो अपने सहयोगी द्वारा की गई अशुद्धि को सही करना चाहिए । यदि यह संभव न हो तो संगोष्ठी के पश्चात उसके / उसकी द्वारा ग्राहकों को जो गलत प्रदर्शन दिया गया है, आपको अपनी कंपनी / सहयोगी को ग्राहकों के सम्मुख सही रूप से प्रस्तुत करने में मदद करनी चाहिए ।

**एक ग्राहक परियोजना पर कार्य करते समय आपके सहयोगी का आपको एक कॉल प्राप्त होता है, वह आपसे पूर्व उस ग्राहक का खाता संचालित कर रहा था । वह स्मरण दिलाता है कि उसने ग्राहक के साथ मिलकर नई आदेश प्रणाली विकसित की है, जिससे कि अन्य ग्राहकों को भी इससे लाभ मिल सकेगा और वह आपसे प्रार्थना करता है कि इस परियोजना की विस्तृत जानकारी आप उसे प्रेषित कर दें । आपको क्या करना चाहिए ?**

आपको ग्राहक के विशिष्ट अनुमोदन के बिना इस जानकारी का हिस्सा साझा नहीं करना चाहिए आप ग्राहक की सम्पत्ति का प्रयोग करने के लिए अधिकृत नहीं हैं, जिसमें सॉफ्टवेयर सहित एक अन्य ग्राहक के लिए या किसी निजी इस्तेमाल के लिए किसी एक ग्राहक की परिसम्पत्ति का प्रयोग किया गया हो ।

**स्मरण रखिये....**

हमारे काम के मानकों और हमारे माल और सेवाओं की गुणवत्ता में उत्कृष्टता के लिए टाटा कोर मान प्रयासरत है यह इस मूल्य को बताता है कि हमारे ब्रांड में ग्राहक का अटूट विश्वास है ।

# हमारा समुदाय एवं पर्यावरण



''एक मुक्त उद्यम में समुदाय एक हित धारक ही नहीं
बल्कि यह एक वास्तविक उद्‌देश्य का अस्तित्व भी है'

**जमशेद जी टाटा**
टाटा समूह के संस्थापक
अध्यक्ष (1868 – 1904)

# हमारा समुदाय एवं पर्यावरण

## समुदाय :–

1. हम एक अच्छे उद्यमी नागरिकता के लिए प्रतिबद्ध हैं और जीवन के गुणवत्ता और सुधार में समुदाय के लोगों के साथ सक्रिय रूप से मिलकर काम करेंगे।

2. हम समुदाय एवं अन्य हितधारकों के साथ मिलकर उस किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव को कम करने का प्रयास करेंगे जिससे स्थानीय समुदाय और वातावरण में हमारे व्यापार के प्रचार प्रसार का कोई दुष्प्रभाव पड़ता हो।

3. इस कोड के सिद्धान्तों और हितों के संघर्ष की शर्त को ध्यान में रखते हुए हम अपने कर्मचारियों को उन सभी सामाजिक परियोजनाओं जिनमें हम अपना व्यापार करते हैं उसमें नि:स्वार्थ सेवाओं के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## वातावरण :–

4. हम अपने उत्पादों के निमार्ण एवं विक्रय में पर्यावरणीय संरक्षण का प्रयास करते हैं और सभी नियमों एवं मानकों का प्रतिबद्धता के साथ पालन करते हैं।

5. हम प्राकृतिक संसाधनों के दुरूपयोग को रोकने का उपाय ढूंढ रहे हैं और पर्यावरण के सुधार विशेषकर ग्रीन हाउस उत्सर्जन, पानी व ऊर्जा की खपत और खतरनराक अपशिष्ट के प्रबंधन में हम प्रतिबद्ध हैं हम भूमि पर जलवायु परिर्वतन की क्रियाओं को रोकने का प्रयास करेंगे।

## हमारे मूल्य आधारित श्रृंखला सहयोगी



यदि हमने कुछ ऐसी चीजें की होतीं जो अन्य समूहों ने भी की हैं तो हम आज उनसे दुगुनी स्थिति में होते जितने कि हम आज हैं । लेकिन हमने ऐसा किया नहीं और न ही मैने इसे किसी और ढंग से किया होता ।

# जे.आर.डी. टाटा

अध्यक्ष टाटा समूह (1938–1991)
(1960 – 70 के दशक में टाटा समूह के विस्तार की गति पर)

## हमारे मूल्य आधारित श्रृंखला सहयोगी

1. हम हमारे आपूर्तिकर्ताओं एवं सेवाप्रदाताओं का चयन निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ करते हैं।

2. हम आपूर्तिकर्ताओं एवं सेवाप्रदाताओं के साथ काम करने की तलाश में ही रहते हैं जोकि हमारे समान मूल्यों का आवरण करते हैं और हम आशा करते हैं कि वह नैतिक मूल्यों को अंगीकार करें जो हमारे समतुल्य हैं।

3. हमारे आपूर्तिकर्ता एवं सेवाप्रदाता हमारी कम्पनी के प्राधिकृत लिखित अनुमति के आधार पर ही कम्पनी का प्रतिनिधित्व करेगें। उनसे यह उम्मीद करते हैं कि हमारे मध्य (बीच) जो वार्तालाप हुई उनका कम्पनी नियमावली के साथ पालन करेगे और हमारे पक्ष में जो सूचनाऐं और गोपनीयता उनसे साझा की गई हैं उनका सम्मान करेगे।

4. हम यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई उपहार या आथित्य जोकि हमारे आपूर्तिकर्ता या सेवाप्रदाताओं से प्राप्त हुआ है या उन्हें दिया गया है वह उपहार या आथित्य कम्पनी की नीति के अनुसार होगा।

5. हम किसी अन्य पक्ष (तीसरे पक्ष) की बौद्धिक सम्पदा की सूचनाओं का सम्मान करते हैं।

**प्रश्न एवं उत्तर :-**

**आप हमारी कम्पनी के प्रापण अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। आपके पास तंग (सीमित) बजट के कारण एक परियोजना के लिए सीमित धन उपलब्ध है जोकि आपको उस पर कार्य करने से रोकता है। निश्चित लक्षित लागात के भीतर इस परियोजना को पूरा करने के लिए आप आपूर्तिकर्ता के पास में प्रार्थना करते हैं कि वो आपको इस परियोजना पर धन की सीमा में असाधारण छूट प्रदान करें और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वह इस छूट का लाभ भविष्य में अन्य परियोजनाओं को पूरा करने में उसको देगा। क्या आप आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं ?**

आपूर्तिकर्ता को भविष्य की परियोजना में इस प्रकार के लाभ के प्रति प्रेरित करना आपकी योग्यताओं के साथ समझौता होगा आपको कंपनी के हितों के प्रति विषयपरक भूमिका अदा करनी चाहिए और इस प्रकार की क्रियाओं से बचना चाहिए।

**स्मरण रखिये....**

हमारे मूल्य आधारित श्रृंखला सहयोगीयों में हमारी आपूर्ति एवं सेवा प्रदाता, वितरक और विक्रय प्रतिनिधि, ठेकेदार, माध्यम साझीदार, परामर्श बिचौलिये और अभिकर्ता (ऐजेंट) संयुक्त उद्यमी, भागीदार और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान शामिल हैं।

## हमारे वित्तीय हितधारक



अपने उद्यमों के संचालन को जिस टाटा समूह का निर्माण किया गया है उसका आधार हर क्षेत्र और सभी धारकों के साथ व्यवसाय में नैतिक व्यवहार है। यह स्थापना के बाद, समूह के लिए विश्वास का भाग है जो हमारे जीवन के रास्ते का सार और पोषित विरासत का मूलभूत तत्व है।

**रतन टाटा**
चैयरमैन टाटा संस
(1991–2012)

# हमारे वित्तीय हितधारक

1. शेयर धारक के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले विनियमों और कानूनों का पालन करते हुए शेयरधारक मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

2. हम व्यापार की प्रासंगिक पहलूओं की जानकारी का खुलासा कानून और समझौतों के अनुसार निष्पक्ष, सही और समय से वित्तीय हितकारकों को सूचित करेंगे।

3. लागू कानून और उद्योग मानकों के अनुसार हम गतिविधियों और प्रकटीकरण मानकों का पालन करेंगे और उनका सही रिकार्ड रखेंगे।

## सरकारें



जैसा की मैने देखा है कि यह व्यवसाय आपसे भारी मांग रखता है, जरूरत है आपको हर समय पर अपने आप पर नैतिकता, मूल्यों, निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता का एक ढांचा लागू करने के लिए । ऐसा करना आसान नहीं है, आप अपने आप पर यह जबरन लागू नहीं कर सकते क्योंकि यह आपका एक अभिन्न अंग बन गया है ।

**रतन टाटा**

चैयरमैन टाटा संस

(1991–2012)

# सरकारें

## राजनीतिक गुटनिरपेक्षता

1. हम जहाँ पर भी कार्य करेंगे उस देश के संविधान और शासन प्रणाली के अनुसार कार्य करेंगे। जनता के चुनावों के परिणाम को प्रभावित करने और सरकार की किसी भी प्रणाली को बदलने या कमजोर करने का यत्न नहीं करेंगे। राजनीतिक पद के लिए कोई विशेष राजनीतिक पार्टी एवं उम्मीदवार का, हम समर्थन नहीं करते। हमारा आचरण ऐसी गतिविधि रोकता है जिसमें किसी भी राजनैतिक संस्था या किसी व्यक्ति के साथ आपसी निर्भरता / एहसान के रूप में व्याख्या की जा सकती हो। हम किसी विशेष राजनीतिक दल उम्मीदवार या अभियान को दान के रूप में, कोई भी कम्पनी धन या सम्पत्ति या अन्य संसाधन का प्रस्ताव नहीं देते। लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत करने के क्रम में, हमारे निदेशक मंडल द्वारा केवल भारत में प्रगतिशील इलैक्ट्रोरल ट्रस्ट के माध्यम से या भारत से बाहर इसी तरह की एक पारदर्शी अभेदात्मक, विधिवत अधिकृत माध्यम से को भी वित्तीय योगदान विस्तारित किया जायेगा।

## सरकारी संलग्नता

2. एक रचनात्मक ढंग से सुशासन को बढ़ावा देने के क्रम में हम सरकार और नियमों के साथ संलग्न हैं। हम अपने कोड के साथ सुसंगत तरीके में उन लोगों के साथ अपनी बात–चीत का आयोजन करते हैं।

3. किसी भी प्रकार की सरकारी समीक्षा या जांच के लिए आकंड़ों या दस्तावेजों की उपलब्धता में हम बाधा नहीं डालते और न ही निष्कर्ष को अनुचित तरीके से प्रभावित करते हैं।

# हमारे समूह की कंपनियाँ



''मुझे नहीं लगता कि कोई भी एक औद्योगिक दूरदर्शी के रूप में जमशेद जी के साथ बराबरी पर था । लेकिन यही एक मात्र कारण नहीं है कि मैं जमशेद जी का प्रशंसक रहा हूँ प्रमुख कारण मूल्यों, सबसे बड़ी **(Sterling)** मूल्यों की अपनी भावना है जिसे इस समूह को दिया गया है । कोई मुझसे पूछ रहे थे क्या टाटा कंपनियाँ इससे अधिक और कुछ धारण नहीं करतीं ? मैं कहूँगा कि यह हमारे साझा आदर्श और मूल्य हैं जो हमें जमशेद जी टाटा से विरासत में मिले हैं ।

## जे.आर.डी. टाटा

अध्यक्ष टाटा समूह

(1938–1991)

# हमारे समूह कंपनियाँ

1. एक टाटा कंपनी अन्य समूह कम्पनीयों तथा संयुक्त उपक्रम के साथ ज्ञान, भौतिक, मानव एवं प्रबंधकीय संसाधनों की साझेदारी करते हुए तथा लागू कानून के अनुसार जिसमें प्रतिस्पर्धात्मक है कानून सम्मलित हैं अग्रणी शासन की नीतियों तथा प्रथाओं को अपनाते हुए सहयोग करेगा।

2. टाटा और किसी समूह कंपनी के बीच उत्पन्न विवाद को एक उपयुक्त विवाद हल करने की प्रक्रिया के अनुसार सौहार्दपूर्ण हल निकालेंगे जिससे हमारा व्यवसायिक हित और हितधारक के मूल्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

3. हम एक ऐसी प्रक्रिया बनायेंगे जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई तीसरा पक्ष या संयुक्त उपक्रम बिना आधिकृत हुए टाटा के नाम / ब्रांड का उपयोग अपने हित के लिए न कर सके ।

4. टाटा कंपनी अपने निदेशक मंडल से टाटा संस द्वारा समय – समय पर निर्धारित किये जाने वाली नीतियों एवं दिशा निर्देशों को अपनाने और समूह की कम्पनीयों को भेजने की अनुशंसा करेगी।

**प्रश्न एवं उत्तर :-**

**मेरे पर्यवेक्षक ने मुझे कुछ करने लिए कहा है जिसका मुझे विश्वास है कि अवैद्य हो सकता है। मैं डर रहा हूँ कि अगर मैने वह कार्य नहीं किया तो मैं अपनी नौकरी खो सकता हूँ। क्या मुझे ये करना चाहिए ?**

नहीं। कानून तोड़ना विकल्प नहीं है। अपने पर्यवेक्षक के साथ स्थिति पर चर्चा करें निश्चित है आप दोनों तथ्यों को समझ सकते हैं। यदि आप मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं तब उच्च स्तर के पर्यवेक्षक, आचार सलाहकार, कानूनी विभाग से संपर्क करें या कम्पनी की गोपनीय सूचना के माध्यम से सूचित करें (यदि उपलब्ध है)

**मुझे लगता है कि मेरा पर्यवेक्षक, आचार सलाहकार को मुद्दों की सूचना देने पर मुझसे गलत व्यवहार कर रहा है। मुझे क्या करना चाहिए ?**

मुद्दों को उठाने पर किसी का विरोध करना, संहिता का उल्लंघन है इसलिए तुम्हें तुरंत इस कार्यवाही के लिए आचार सलाहकार को या कम्पनी के **MD/CEO** को या कम्पनी की गोपनीय सूचना माध्यम से सूचित करना चाहिए (यदि उपलब्ध हो)।

# किसी मुद्दे का उठाना

हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य हितधारकों को अपने मुद्दे को आगे बढ़ाने या हमारी संहिता नीतियों या कानून के वास्तविक या संभावित उल्लंघन की जानकारी होने पर उसका खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम उन्हें ऐसी किसी दुराचरण की घटना (वास्तविक या सम्भावित) जो हमारी मूल्यों और नीतियों के प्रतिकूल है की रिपोर्टिंग करने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। अपने मुद्दों को उठाने, जानकारी हासिल करने तथा मामलों की रिपोर्टिंग करने के लिए उपलब्ध रास्ते :–

1 हमारी कंपनी के मौजूद प्रबंधक **(Immediate Line Manager)** या मानव संसाधन विज्ञाग।

1 हमारी कम्पनी के नामित नैतिक अधिकारीगण।

1 तीसरे पक्ष की गोपनीय रिपोर्टिंग नैतिकता सम्बन्धी हैल्पलाईन (यदि उपलब्ध है)।

1 हमारी कम्पनी की विसिल व्लोअर **(Whistle Blower)** नीति में उपलब्ध रिपोटिंग माध्यम।

किसी भी प्रकार की विधिसम्मत मुद्दों की रिपोर्टिंग करने वाले व्यक्ति का विरोध करना हम सहन नहीं करते हैं। रिपोटिंग करने वाले व्यक्ति को यदि कोई लक्ष्य बनाता है तो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। यदि आपको संशय है कि मुद्दा उठाने या किसी मुद्दे की रिपोर्टिंग करने के कारण आप या अन्य बदले के शिकार हो रहे हैं तो तत्काल अपने लाइन मैनेजर कम्पनी के नैतिक सलाहकार, मानव संसाधन विभाग, प्रबंध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी या समूह के मुख्य नैतिक अधिकारी से सम्पर्क करें।

## प्रश्न एवं उत्तर :-

**हमारी कंपनी एक IT परियोजना के लिए संभावित विक्रेताओं का चयन करने की प्रक्रिया में हैं। अंतिम छटी दो कम्पनीयों में एक सीमित संदर्भों और एक नये काम के साथ कम मूल्य उद्धरण वाली और दूसरी कम्पनी अच्छे संदर्भ वाली टाटा कम्पनी है जिसके पास तीस साल का अनुभव है। लेकिन उसी काम के लिए उच्च बोली लगायी है चयन के और सभी मानक लगभग बराबर हैं अब कार्य के लिए आप किसको चुनेंगे ?**

निस्संदेह निर्णय लेने के लिए कीमत एक महत्वपूर्ण कसौटी है किन्तु यह स्पष्ट रूप से एक मानक, मूल्यांकन करने को नहीं हैं। आपको अपने **IT** सहयोगी के बारे में फैसला करने के क्रम में, अच्छे ग्राहक संदर्भ, सिद्ध ट्रैक रिकार्ड और साझा मूल्य प्रणाली पर विचार करने की आवश्यकता हो सकती है।

**आप एक परियोजना के लिए संभावित विक्रेताओं के चयन की प्रक्रिया में हैं। अन्तिम तीन चयन में एक समूह की कम्पनी है। अन्तिम प्रस्तावों की समीक्षा में, आप मूल्य निर्धारण और स्वामित्व की कुल लागत के आधार पर तीन प्रस्तावों में समूह की कम्पनी को दूसरे रैंक पर पाते हैं और पहले स्थान के विक्रेता का चयन करें। क्या यह सही फैसला है ?**

हाँ। आपको योग्यता के आधार पर विक्रेता का चयन करना चाहिए। वो विक्रेता जो आपकी कम्पनी की आवश्यकताओं के लिए सबसे उपयुक्त है आपको केवल अपनी संबद्धता की वजह से समूह की कंपनी का चयन नहीं करना चाहिए।

# उत्तरदायित्व

यह संहिता औपचारिक अनुपालनार्थ निर्गत आदेशात्मक दिशा निर्देशों के समुच्चय से भी अधिक है । यह संहिता हमारे मूल प्रथा और मूल सिद्धान्तों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है ।

हमारे द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्षरूप से नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यवहार के प्रति उत्तरदायी ठहराया जायेगा । यदि ऐसा व्यवहार इस संहिता का उल्लंघन करता है तो ऐसे व्यक्ति / व्यक्तियों के विरूद्ध उनको रोजगार शर्तों और सम्बन्धित कम्पनी नीतियों के तहत कार्यवाही की जा सकती है ।

इस संहिता के अक्षरस: के अनुपालन हमारे कर्मचारी और जो हमारे साथ काम करते हैं सुनिश्चित करेंगे । यह संहिता हमारे सभी हितधारकों के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व और एक दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है ।

**आवाज उठायें.....**

यदि आप जो कार्यवाही करने जा रहे हैं वह संहिता में वर्णित सिंद्धांतों के अनुरूप है या नहीं, खुद से पूछिये –

क्या की गई कार्यवाही प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी के लिए हानिकारक हो सकती है या उन्हें चोट पहुंचा सकती है ?

क्या यह अवैद्यानिक / गैरकानूनी या बनायी गयी नीतियों और प्रक्रियाओं से अलग है ?

क्या मेरी अर्न्तआत्मा इसे अस्वीकार करती है ? क्या यह मेरे व्यक्तिगत मूल्यों के खिलाफ है ?

क्या इस कहानी के समाचार माध्यमों में आने पर मैं असहज महसूस करता हूँ ? क्या इससे मेरी कम्पनी, पति / पत्नी, हिस्सेदार, माता / पिता या बच्चों को शर्मिन्दगी महसूस होगी ?

क्या यह गलत लग रहा है ?

यदि इन प्रश्नों का उत्तर हाँ है तो रूकिये, अपने रिपोर्टिंग प्रबंधक नैतिक सलाहकार, मानव संसाधन विभाग, विधि विभाग या वरिष्ठ प्रबंध समूह के किसी सदस्य से सलाह लेकर निर्णय करें, **दुविधा होने पर :** रूकिये, सोचिये, जिम्मेदारी से कार्य कीजिए

## नोट :–

यह संहिता कम्पनी की दृष्टि या हितधारक की दृष्टि से उन सभी उम्मीदों की एक व्यापक और पूर्ण विवरण प्रदान नहीं करती है।

यह हमारे कर्मचारीयों का सतत् दायित्व है कि वे सभी लागू नियमों, समूह स्तरीय सलाह, कम्पनी स्तरीय नीतियों, प्रक्रियाओं तथा कार्य सम्बन्धी नियमों से अवगत होंते रहें। संहिता की व्याख्या पर सलाह हेतु हम कम्पनी के नैतिक मूल्य सलाहकार या समूह के मुख्य नैतिक अधिकारी जैसा भी उचित हो, सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

सभी संयुक्त उपक्रम टाटा आचार संहिता या ऐसी संयुक्त आचार संहिता जिसमें टाटा आचार संहिता के सभी अवयव समाहित हों, अपना सकते हैं।

टाटा आचार संहिता का यह संस्करण पूर्व के सभी संस्करणों एवं सम्बन्धित दस्तावेजों को अधिकृमित करता है और 29 जुलाई 2015 से प्रभावी माना जायेगा।

किसी जानकारी या संहिता पर स्पष्टीकरण हेतु कृपया समूह के मुख्य नैतिक अधिकारी के कार्यालय से ई–मेल **ethicsoffice@tata.com** पर सम्पर्क करें।

# टाटा आचार संहिता 2015

मैं टाटा आचार संहिता की प्राप्ति स्वीकार करता / करती हूँ।

मैने टाटा आचार संहिता को पढ़ लिया है और स्वीकार करता / करती हूँ कि टाटा के कर्मचारी के रूप में मैं आचार संहिता वर्णित दिशा निर्देशों का अक्षरश: पालन करूँगा / करूँगी और ऐसा न कर पाने की स्थिति में मेरे रोजगार नियमों और सम्बन्धित कम्पनी नियमानुसार मेरे प्रति / ऊपर कार्यवाही की जा सकती है।

उल्लंघन के बारे में मुद्दा होने पर या टाटा आचार संहितां के संभावित उल्लंघन की स्थिति में, मैं समझता / समझती हूँ कि मैं अपनी कम्पनी में उपलब्ध चैनलों को ऐसी मुद्दों की रिपोर्ट करूंगा / करूंगी। आवश्यकतानुसार इन उपलब्ध चैनलों का प्रयोग करके मैं उच्च नैतिक मानकों को जिनसे हम आबद्ध हैं, प्रतिस्थापित करने में स्थापित करने में अपनी भूमिका स्थापित करूँगा / करूँगी।

हस्ताक्षर.................................

तिथि.....................................

नाम......................................

विभाग...................................

पता.......................................

(कृपया इस घोषण पत्र को अपनी कम्पनी के नैतिक मूल्य सलाहाकार या मानव संसाधन विभाग में जमा कर दें)

# नोट्स

# नोट्स

"The original version of the "Tata Code of Conduct - 2015" is in English language. This Hindi version is mere translation for convenience only and shall not affect the interpretation of original. For all the purposes including any discrepancies if any between the two versions, the English version shall prevail."

एफ.एस.सी. कागज पर मुद्रित



कोड पर अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
आचार कार्यालय (The Ethics Office),
टाटा सन्स लिमिटेड,
बॉम्बे हाउस,
24, होमी मोदी स्ट्रीट,
मुंबई 400001, भारत ।
ई–मेल – **ethicsoffice@tata.com**